हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 12 अगस्त 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 स्वतंत्रता दिवस के पूर्व गुरूर में निकली तिरंगा रैली, 3 हजार से अधिक...

हरेली पर्व पर श्री हरि पब्लिक स्कूल में दिखी ...

10वीं-12वीं पास, स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड-114336

काउंसलिंग अंतिम तिथि

12/08/26

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

9340311314, 9098849923

9303893829, 9300850065

जर्जर से आदर्श बनी रानीतराई की सरकारी प्राथमिक शाला, ग्रामीणों की सहभागिता से बदली तस्वीर

पावन देवांगन ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखंड के ग्राम रानीतराई की शासकीय प्राथमिक शाला कभी संसाधनों की कमी और जर्जर भवन के कारण बदहाल स्थिति में थी। वर्ष 2022 तक स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए महज एक कमरा ही उपयोगी था। आज यही विद्यालय अपने बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक सुविधाओं, हरियाली और सामुदायिक सहभागिता के चलते क्षेत्र में मिसाल बनकर उभरा है। विद्यालय के कायाकल्प में शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत, ग्रामीणों और दानदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधान पाठक निर्मल दुबे के नेतृत्व में शिक्षक देवानंद तारेन्द्र, अमित प्रजापति और पुष्पा तुरकाने ने

दो साल में बदला स्कूल का स्वरूप, स्मार्ट क्लास से बगीचे तक की सुविधाएं

बेहतर समन्वय और नवाचार के साथ विद्यालय की तस्वीर बदलने का प्रयास किया। शिक्षकों की पहल को शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत और ग्रामीणों का सहयोग मिला, जिसके परिणामस्वरूप स्कूल में लगातार सुविधाओं का विस्तार होता गया।

संयुक्त प्रयासों से हुआ विद्यालय का कायाकल्प

विद्यालय में भवन मरम्मत के साथ पेवर ब्लॉक, क्यारी निर्माण, रंग-रोगन, सरस्वती मंदिर और आकर्षक प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया। पेयजल की समस्या दूर करने के लिए सिंटेक्स टंकी की व्यवस्था की गई। दानदाताओं के सहयोग से स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, म्यूजिक सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा और लैपटॉप उपलब्ध ▶▶| शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

सूर्यकांत साहू बने साहू संघ आईटी सेल के प्रदेश संगठन सचिव

गुरूर। प्रदेश साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू की अनुशंसा पर आई.टी. सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू द्वारा जारी द्वितीय कार्यकारिणी सूची में सूर्यकांत साहू को प्रदेश संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर सूर्यकांत साहू ने प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, आईटी. सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू एवं आईटी. सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी महामंत्री मनीष साहू, जिला साहू समाज अध्यक्ष महेंद्र साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष मिथलेश साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजहित, संगठन की मजबूती तथा डिजिटल माध्यमों से समाज की गतिविधियों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आई.टी. सेल प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज के युवाओं को जोड़ने, संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से प्रचारित करने तथा डिजिटल सशक्तीकरण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही संगठन के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में साहू समाज को और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

186 आदिवासी बाहुल्य गांवों में 13 से 15 अगस्त तक जन सुनवाई शिविर

बालोद। जिले के चयनित 186 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में 'आदि कर्मयोगी अभियान' के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक आदि सेवा केन्द्रों में जन सुनवाई (जन शिकायत निवारण और लाभार्थी संतृप्ति) शिविर का आयोजन किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान का क्रियान्वयन जिले के चयनित 186 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में किया जा रहा है। जन सुनवाई शिविर में आदिम जाति विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, वन, राजस्व, पीएचई, बैंकिंग, सीएससी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिससे शिविर में आने वाले नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ तुरंत मिल सके। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को आदि कर्मयोगी वालिंटियर्स की सहभागिता के साथ शिविरों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और जनजातीय कार्य मंत्रलय के एनआईसी पोर्टल पर की गई कार्रवाई की जानकारी अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक के धरने पर गरमाई सियासत

भाजपा का करारा पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, सड़क मरम्मत और स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को लेकर कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा दिए जा रहे धरने पर अब राजनीति गरमा गई है। विधायक के इस प्रदर्शन पर तीखा हमला बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने इसे अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने का प्रयास बताया है।

भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर ने विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि कुंवर सिंह निषाद लगातार दो बार से क्षेत्र के विधायक हैं, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में राज्यमंत्री के पद पर भी रह चुके हैं। इसके बावजूद यदि उन्हें अपनी ही क्षेत्र की समस्याओं के लिए धरने पर बैठना पड़ रहा है, तो यह उनके पूरे कार्यकाल की विफलताओं का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने केवल सत्ता सुख का आनंद लिया और जनता से जुड़ी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया, कई कार्य वर्षों की उपेक्षारण जर्जर हुए हुए है। अपनी कांग्रेस सरकार के दौरान उनकी निक्रियता के कारण आज यह स्थिति निर्मित हुई है। भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरा छद्‌ विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

■ कुंवर सिंह निषाद पर भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को धमकाने का लगाया आरोप

प्रदेश भर में भाजपा के विधायक अपने–अपने क्षेत्रें में पूरी सक्रियता और निष्ठा के साथ जनता के काम कर रहे हैं। इसके विपरीत गुण्डरदेही विधायक अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं और अपनी अकर्मण्यता का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने के लिए धरना–प्रदर्शन का ढोंग रच रहे हैं। यह धरना उनके निक्रिरय कार्यकाल का स्मारक बनकर रह गया है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि आज स्थिति यह हो गई है कि विधायक ▶▶| शेष पेज 14 पर

चक्काजाम कर फूंका पुतला

गुण्डरदेही। प्रदेश और केंद्र की डबल इंजन भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, विकास कार्यों में उदासीनता, बढ़ती महंगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था और जनता पर लगातार बढ़ते आर्थिक बोझ के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने अर्जुंदा में विधानसभा स्तरीय धरना–प्रदर्शन, रैली एवं चक्काजाम आयोजित कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा का पुतला दहन किया। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व में आंदोलन में किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर, व्यापारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

■ विधायक निषाद ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

कुंवर सिंह निषाद ने आरोप लगाया है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार केवल विज्ञापनों और झूठे प्रचार के सहारे शासन चला रही है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास पूरी तरह ठप हो चुका है। गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र की अनेक सड़कें वर्षोंर् से जर्जर स्थिति में हैं, लेकिन निर्माण कार्योंके लिए पर्याप्त राशि स्वीकृत नहीं की जा रही है। बजट में प्रावधान होने के बावजूद प्रशासकीय स्वीकृति नहीं दी जा रही है। स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और आवश्यक संसाधनों की भारी कमी है, जिसके कारण ग्रामीणों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है। प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। हत्या, लूट, चोरी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और नशे का कारोबार बेलगाम हो चुका है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सरकार अपराधियों पर ▶▶| शेष पेज 14 पर

रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

दल्लीराजहरा रेल लाइन पर रेलवे फाटक कुसुमकसा के समीप सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब 1 बजे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह ग्रामीणों को हुई, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए।

इसी दौरान ग्राम अरमुरकसा के युवकों ने मृतक की पहचान रेलवे पारा अरमुरकसा निवासी सूर्यकांत कुल्हारा के रूप में की। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता भीखम कुल्हारा घटनास्थल पहुंचे और शव की शिनाख्त अपने बड़े बेटे सूर्यकांत के रूप में की। घटना की जानकारी मिलने पर राजहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए चिखलाकसा स्थित मर्चुरी भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

मृतक सूर्यकांत, ग्राम अरमुरकसा की पूर्व सरपंच हिरमोतिन भीखम कुल्हारा के पुत्र बताए गए हैं। युवक की मौत की खबर से ग्राम अरमुरकसा में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के कारणों को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले मे सड़क दुर्घटना की रोकथाम के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस मौके पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने पुलिस प्रशासन, पशुपालन, नगरीय निकाय सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों के समस्या के निराकरण हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

■ सड़कों से घुमंतू मवेशियों को हटाने और रेडियम पट्टी लगाने पर जोर

बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना सहित सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, लोक निर्माण एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यपालन अभियंताओं के अलावा तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में मिश्रा ने अधिकारियों से सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों को हटाने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने पशुपालन विभाग के उप संचालक को पशुओं के गले में रेडियम पट्टी लगाने तथा घुमन्तु एवं पालतू पशुओं के इअर टेगिंग के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घुमन्तु मवेशियों को जिला मुख्यालय बालोद में तांदुला नदी के निकट बने गौठान में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस संबंध में उन्होंने गौ सेवकों की बैठक भी आयोजित करने को कहा। बैठक में उन्होंने सड़क सुरक्षा के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान, हेलमेट का अनिवार्य उपयोग के लिए आम लोगों को प्रेरित करने हेतु किए जा रहे कायोंर् के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को इस अभियान को विशेष प्राथमिकता के साथ नियमित रूप से चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला मुख्यालय बालोद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, घड़ी चैक, सुमीत बाजार के पास गंजपारा स्थित मदिरा दुकान के सामने एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर नो पार्किंग का बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए।

सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में विज्ञान बाल मेला

गुरूर। सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से विज्ञान बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा भारत माता, प्रणव अक्षर ओम एवं सरस्वती माता का विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान प्रयोग आधारित विभिन्न प्रकार के मॉडल व चार्ट बनाकर प्रदर्शन किया व उनके महत्व के बारे में अवगत कराया गया। विज्ञान के विषय आचार्य छविलता पटेल, ईश्वरी ठाकुर ने मानव जीवन में विज्ञान का महत्व के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फल देव साहू, सूखीत राम कलीहारी, आचार्य कामता प्रसाद साहू, रंजना, रेणुका सिन्हा, लीलेश्वरी साहू, छविलता पटेल, ईश्वरी ठाकुर, दिव्यानी सेन, बीना साहू एवं बाल भारती, शिशु भारती उपस्थित थे।

ओटेबंद में शिवभक्तों ने निकाली पैदल यात्रा

अण्डा। सावन मास के पावन अवसर पर ग्राम ओटेबंद में भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शिवभक्तों द्वारा श्री विष्णु मंदिर तक श्रद्धापूर्वक पैदल यात्रा निकाली गई।

भक्तिमय वातावरण में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जल लेकर पैदल मंदिर पहुंचे। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। सावन मास में आयोजित यह पैदल यात्रा धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रतीक रही।

श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति के साथ यात्रा पूरी की। आयोजन के दौरान गांव में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। यात्रा में मोरध्वज गुप्ता, देवधर साहू, बरातू साहू, श्रद्धा गुप्ता, प्राची गुप्ता, लीला साहू, सावित्री साहू, खुशी साहू, ममता देशमुख, परमेश्वरी साहू, दानेश्वरी साहू, चांदन देशमुख, सालिनी देशमुख, खुशी देशमुख, लोकेश्वरी साहू, रेशमा साहू, अनिता साहू, हर्षिता साहू, डाली देशमुख, जानवी देशमुख, साक्षी साहू, वीरा साहू, राशि साहू, देव साहू, पुष्कर साहू, टोमन देशमुख, डिम्पल साहू, नेहा साहू, प्रदीप साहू, प्रतीषा साहू, गज्जू साहू एवं संतोष देशमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पिछले सत्र में निरस्तीकरण का आश्वासन नए में भी पूरा नहीं कर पाए

शिकारीटोला स्कूल के विलय का विरोध, तालाबंदी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम शिकारीटोला में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक-2 को करियाटोला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में युक्तिकरण के तहत मर्ज किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने स्कूल विलय का आदेश निरस्त करने की मांग को लेकर 17 अगस्त को शाला में तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

■ 16 अगस्त तक आदेश निरस्त नहीं होने पर 17 से धरना प्रदर्शन

इस संबंध में प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है। ग्राम पंचायत धुर्वाटोला के आश्रित ग्राम शिकारीटोला में संचालित प्राथमिक शाला को शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में युक्तिकरण के तहत करियाटोला की माध्यमिक शाला में मर्ज किया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि आदेश के बाद उन्होंने बालोद कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवेदन देकर विलय निरस्त करने की मांग की थी। अधिकारियों ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि दूसरे गांव में शाला का विलय त्रुटिवश हुआ है और इसे निरस्त करने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा। नया शिक्षण सत्र शुरू होने के बाद भी आदेश निरस्त नहीं होने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई। 11 अगस्त को ग्रामीणों ने कृषि कार्य बंद कर प्रत्येक घर से एक सदस्य को शाला परिसर में बुलाकर बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 अगस्त तक विलय आदेश निरस्त नहीं होने पर 17 अगस्त को स्कूल में तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।ग्रामीणों ने इसकी लिखित सूचना विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी और थाना प्रभारी दल्लीराजहरा को भी दी है। ज्ञापन में सरपंच अंजू कोसमा, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, जनपद सदस्य आशा आर्य, शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष निर्मला सहित भगत राम, दिनेश कुमार कोसमा, देवीसिंह खरे, वीरेंद्र कुमार, रामकुमार धनकर, कार्तिक राम, जगलूराम, रामकुमार देशमुख, गौतम सिंह सहित अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीणों की मांग से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। समस्या का समाधान उच्च कार्यालय स्तर से होने की जानकारी दी गई है।

संकलनकर्ता - ओमप्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113 भानु साहू, गुण्डरदेही मो. 8120277141

संकलनकर्ता - ओमप्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113 भानु साहू, गुण्डरदेही मो. 8120277141

खबर संक्षेप

सशिमं में नशामुक्ति और हरेली उत्सव का आयोजन

बालोद। सरस्वती शिशु मंदिर लाटाबोड़ मे प्रजापिता ब्रम्हकुमारी बालोद के मार्ग दर्शन मे नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रजापिता ब्रम्हकुमारी द्वारा कार्यक्रम में नशा से होने वाले हानि, परिवार समाज की दयनी स्थिति, बहनो पर हो रहे रेप, अत्याचार, शोषण के विषय मे ज्ञान दिया गया और सभी को नशा से दूर रहने की सलाह दी गई। विद्यालय मे छग की परंपरा एवं प्रथम पर्व हरेली उत्सव मनाया गया। जिसमे दैनिक जीवन मे उपयोगी वस्तु जैसे हंसिया, कुदारी, रापा, गैंति, धमेला का पालको, आचार्यो द्वारा पूजा कर उन्हे अपने आँचलिक पर्व का ज्ञान दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी, जीतेन्द्र सिंदराम, कामीनी यदु, देवेश बघेल, योगेंद्र निषाद, तरिवेनि साहू, हरिप्रिया वैष्णनव, पद्मिनी निशाद, दामीनी साहू, मोनिका साहू, पुणेश्वरी साहू, निशा मानिकपुरी, पालकों मे गुहरी राम साहू, अविनाश, अश्वनी बंजारे, बीरेंद्र साहू उपस्थित थे।

डौंडीलोहारा में अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए 42 दिनी प्रशिक्षण

डौंडीलोहारा। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय रायपुर द्वारा डौंडी लोहारा में अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए 42 दिवसीय उद्यमिता-सह-कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण में घरेलू वायरिंग एवं घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत का निःशुल्क प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को घरेलू विद्युत कार्यों में तकनीकी दक्षता प्रदान करने के साथ उद्यमिता, उद्योग एवं इकाई स्थापना, बैंकिंग योजनाओं, ऋण प्रक्रिया, सब्सिडी तथा एमएसएमई से संबंधित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर अधिकतम 30 युवाओं को प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक युवा फोटो एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन निशा इलेक्ट्रिकल्स, भारतीय स्टेट बैंक के बाजू में, मेन रोड, डौंडी लोहारा से लेकर जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण एवं आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए एमएसएमई-विकास कार्यालय रायपुर के अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

आयोजन : 500 मीटर लंबे तिरंगे के साथ नगर में हुआ देशभक्ति का माहौल

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व गुरूर में निकली तिरंगा रैली, 3 हजार से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर में स्वतंत्रता दिवस के पुर्व भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। 2 किलोमीटर से अधिक लंबी रैली में 3000 से अधिक स्कूल छात्र छात्रएं, नगर पंचायत के पार्शद, भाजपा व अन्य सामाजिक संगठनों, मंडलों, समितियों के सदस्य सम्मिलित हुए। यात्र के दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली एवं चिकित्सा विभाग की टीम रैली के साथ लगातार सक्रिय रही। रैली में 500 मीटर लंबा तिरंगा के साथ हजारों बच्चों ने हाथों में तिरंगा लिए नगर का भ्रमण किया। स्थानीय बाजार चौक में गुरुर, कोलिहामार एवं ग्राम कन्हरपुरी व ग्राम बोरतरा के 12 स्कूलों के बच्चों के साथ शासकीय महाविद्यालय एवं निजी महाविद्यालय के बच्चों भी तिरंगा रैली में सम्मिलित हुए। रैली स्थानीय बाजार चौक से प्रारंभ हुई। रैली प्रारंभ होने के पूर्व रैली प्रभारी चंद्र प्रकाश गांधी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, पार्षद गिरधर ठाकुर, नारायण टेके, अनुसुइया ध्रुव, चन्द्रलता साहू, जनपद उपाध्यक्ष कुंती सिंहा, मधु जगदल्ले, जीतेश्वरी निषाद, बिंदा यादव, अना राम यादव के साथ सह प्रभारी विजय मगेन्द्र, ऋषि सिंहा, अजय पारख, राजेश दीवान, पीमन साहू, प्रेमसाय कलिहारी, मुरली चौधरी ने रैली का मार्गदर्शन किया।।

रैली बाजार चौक से शिव चौक, बस स्टैंड होते हुए अटल स्मारक में पहुंची। जहां अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सुमन अर्पित किया गया। उसके बाद रैली वापस बाजार चौक पहुंची जहां तिरंगा रैली का समापन किया गया।

धमना स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

जामगांव आर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमना के विद्यार्थियों ने सोमवार को गाजे, बाजे और नारे के साथ तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा की आन बान शान को जनमानस में पिरोते हुए स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को स्कूल प्रांगण में होने वाले ध्वजारोहण में सबको शामिल होने का निमंत्रण दिये। इस तिरंगा यात्र में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, सुरपा सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू, ढालसिंग साहू, प्रधान पाठक इंगेश्वर प्रसाद ठाकुर, हेड मास्टर आभा तारे, चौमेंद्र कुमार मरकाम, महावीर निषाद, ममता चन्द्राकार, शुमन साहू शामिल हुए।

मिनीमाता की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा स्थानीय कांग्रेस कार्यालय मे प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

जिसमे कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि मिनीमाता का पूरा जीवन समाज सेवा, मानवता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा, उन्होंने ऐसे समय में समाज की आवाज को बुलंद किया जब महिलाओं और वंचित वर्गो के लिए अपने अधिकारों की बात करना आसान नहीं था, उन्होंने संसद में गरीब मजदूरों, महिलाओं और समाज के कमजोर वगोंर् के हितों के लिए मजबूती से आवाज उठाई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि वे केवल राजनेता नहीं थी बल्कि वे ममता, करुणा, संघर्ष और सामाजिक चेतना की प्रतीक थीं, उन्होंने कुरीतियों तथा भेदभाव के खिलाफ लोगों को जागरूक किया।

कर्यक्रम मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली, उपाध्यक्ष धनुष साहू, जिला उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष दिनाराम चेलक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वर्तमान पार्षद महिमा साहू, प्रतिमा साहू, खिलेश्वर केहरि, एस.कुमार कलिहारी, संयुक्त महामंत्री मोहम्मद खान, लाल खान, भूषण साहू, बहुर सिंह धनकर, बीरबल साहू, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश देवान, हिमांशु लावत्रे, सनत सिन्हा, ब्लॉक मीडिया प्रभारी शिवम् कुरैटी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों में औचक निरीक्षण लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग सभापति संध्या अजेंद्र साहू के नेतृत्व मे स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास स्थायी समिति के सदस्य सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू, मीना , थानसिंग देहारी, ममता विजय गौतम के साथ विभिन्न आंगन बाड़ी केंद्रो मे औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। विगत सप्ताह स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की बैठक संपन्न हुई थी। जिसमे निर्णय लिया गया था की गुरुर ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्रो में शिक्षा, स्वस्थ्य, स्वच्छता और पोषण आहार की व्यवस्था मे सुधार लाना है, जिस पर अमल करते हुए विभाग के परियोजना अधिकारी सुरेंद्र बंजारे, सेक्टर प्रभारी संध्या साहू के साथ पूरी महिला बाल विकास विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण कर सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को निर्देश करते हुए कहा कि बच्चो के साथ खिलवाड़ करना बर्दास्त नही किया जायेगा, जहां कहीं भी गलती पाया गया तो तत्काल नोटिस भेजी जायेगी ताकि व्यवस्था में तत्काल सुधार हो सके। सुधार नहीं करने पर कार्य मुक्त या सेवा समाप्ति किया जाए।

हरेली पर्व पर श्री हरि पब्लिक स्कूल में दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बालोद जिले के प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालय श्री हरि पब्लिक स्कूल खप्परवाड़ा में छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक एवं कृषि पर्व हरेली का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। बालवाटिका से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए हरेली पर्व के सांस्कृतिक, कृषि एवं पर्यावरणीय महत्व को जाना।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि हरेली छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, हरियाली, कृषि और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। इस अवसर पर कृषि उपकरणों, पशुधन एवं प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करने की परंपरा से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नन्हे विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गीत का सामूहिक गायन रहा। बच्चों ने उत्साहपूर्वक गीत प्रस्तुत कर अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जुड़ाव प्रदर्शित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या संयोगिता सक्सेना ने कहा कि ऐसे पर्व बच्चों को प्रकृति और अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। प्रकृति की पूजा के साथ उसका संरक्षण करना भी हमारा कर्तव्य है। विद्यालय में सांस्कृतिक परंपराओं को शिक्षा का हिस्सा बनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान विकसित करना है। इस अवसर पर हेड गर्ल मयूरी साहू, हेड बॉय ख़्वाहिश चतुर्वेदी, कल्चरल हेड बॉय डेनियल बंजारे एवं कल्चरल हेड गर्ल खुशबू कुंभकार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उप-प्राचार्य दिलीप दलई, प्रशासन अधिकारी नूपुर सक्सेना एवं सहायक प्राचार्या योगेश्वरी साहू सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने छोटे बच्चों की गतिविधियों में सहयोग कर सद्भाव, सहयोग और करुणा का संदेश दिया।

मिनीमाता की 54वीं पुण्यतिथि पर सतनामी समाज ने अर्पित की श्रद्धांजलि

बालोद। मिनीमाता की 54वीं पुण्यतिथि पर जिला सतनामी समाज बालोद द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद, सतनामी समाज की गौरव, नारी–शक्ति की प्रेरणास्त्रोत एवं समाज के वंचित और शोषित वगोंर् की आवाज़ रही, मिनी माता, मिनाक्षी देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा मिनीमाता का संपूर्ण जीवन त्याग, संघर्ष, सेवा, समानता और समाज के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपने समय में महिलाओं, गरीबों, मजदूरों और समाज के पिछड़े वगोंर् की आवाज़ को मजबूती से उठाया और जनसेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। उनका संघर्ष और योगदान आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हमारा कर्तव्य है कि उनके विचारों और सामाजिक न्याय की भावना को आगे बढ़ाते हुए समाज में शिक्षा, एकता, समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करे।

इस दौरान सतनामी समाज बालोद के जिला अध्यक्ष संजय बारले, संरक्षक पवन जोशी, अशवन बारले, महासचिव संजय जोशी, सचिव संतराम बंजारे, गोवर्धन बारले, पंडित तुलसीदास बारले, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दिगेश्वर हिना, बंधुनिर्मला बंजारे, धन्नूलाल टंडन, गंगा टंडन, डौन्डीलोहारा अध्यक्ष धनेश बघेल, यू.आर. बरहेन, तहसील अध्यक्ष अजुंर्दा भैया राम जांगड़े, गिरीश रात्रे सहित समाज जन उपस्थित रहे।

जर्जर से आदर्श ....

कराए गए। वहीं जनपद निधि से कंप्यूटर सेट भी मिला। समग्र शिक्षा के माध्यम से भवन मरम्मत के साथ एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया गया।

बागवानी के साथ डिजिटल शिक्षा पर जोर: विद्यालय परिसर को हरा-भरा और आकर्षक बनाने के लिए दो बगिया एवं विभिन्न क्यारियां विकसित की गई हैं, जहां 50 से अधिक प्रजातियों के रंग-बिरंगे पौधे लगाए गए हैं। प्रधान पाठक निर्मल दुबे एवं शिक्षक देवानंद तारेन्द्र बच्चों को बागवानी से जोड़कर उन्हें पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हैं। शिक्षक अमित प्रजापति द्वारा बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए अतिरिक्त कक्षाएं ली जाती हैं। वहीं शिक्षिका पुष्पा तुरकाने बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास पर विशेष ध्यान देती हैं। पढ़ाई को रुचिकर बनाने के लिए मूलभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान (एफएलएन) आधारित गतिविधियों के साथ कक्षाओं में डिजिटल शिक्षण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

प्रवेश और शैक्षणिक गुणवत्ता में हुआ सुधार: विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण का असर बच्चों के प्रदर्शन पर भी दिखाई दे रहा है। पिछले दो वर्षों में यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों ने एकलव्य विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय तथा पांचवीं कक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। नैतिक शिक्षा, बागवानी, पुस्तकालय एवं गतिविधि आधारित शिक्षण से बच्चों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। मध्यान्ह भोजन के बाद दोपहर 1.30 से 2 बजे तक विद्यार्थियों के लिए स्वाध्याय का समय निर्धारित किया गया है। कक्षावार स्तर के अनुरूप 'मुस्कान पुस्तकालय' भी संचालित है, जिससे बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित हो रही है। विद्यालय परिसर में प्रिंट-रिच वातावरण तैयार किए जाने से कक्षाएं भी बच्चों के लिए आकर्षक एवं सीखने योग्य बनी हैं।

पेज 11 के शेष

भाजपा का करारा ...

के पास कोई ठोस काम नहीं बचा है, जिसके कारण वे अपनी भाषायी मर्यादा खो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक कुंवर सिंह निषाद अब भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकाने पर उतर आए हैं, जो कि एक जनप्रतिनिधि की गरिमा के पूरी तरह खिलाफ है।

चक्काजाम कर ...

कार्रवाई करने के बजाय अपनी विफलताओं को छिपाने में लगी हुई है। विधायक श्री निषाद ने स्थानीय भाजपा नेताओं को भी जुआं सट्टा का अवैध कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया! जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने वाली 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दी, जिससे लाखों उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। इसके साथ ही बिजली दरों में लगातार वृद्धि कर जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है। स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है और मनमाने बिल भेजे जा रहे हैं। गुण्डरदेही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कचरू साहू एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि किसानों को समय पर खाद, बीज और सिंचाई की पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एग्रीटेक पोर्टल में सभी संयुक्त खाताधारक के अनिवार्य पंजीयन एवं वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर खाद की मात्र में भारी कटौती से किसान त्रस्त हैं। प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा के अध्यक्ष जीवन बंदे ने आरोप लगाया कि अजुंर्दा नगर पंचायत सहित क्षेत्र के अनेक विकास कार्य, जिनकी स्वीकृति पूर्व में मिल चुकी थी, उन्हें रोक दिया गया है या उनकी गति अत्यंत धीमी कर दी गई है। भाजपा सरकार राजनीतिक द्वेष की भावना से कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत जनहितकारी योजनाओं को प्रभावित कर रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जनता ने डबल इंजन सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और जनसमस्याओं की अनदेखी मिली है। धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी बालोद की पूर्व अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा, बालोद विकास चोपड़ा, प्रदेश पीयूष सोनी, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, हरीश चंद्राकर, संजय बारले, ब्लॉक अध्यक्ष बालोद शहर अंचल प्रकाश साहू, बालोद नरेंद्र सिन्हा, जगदीश चांडक, प्रवेश जैन, सहित सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
03 सितम्बर, 01 अक्टूबर,
19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बुद्ध नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन
बिना इंजेक्शन
बिना टांके
बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130